**भारत सरकार**

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 642**

**बुधवार, दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु**

**पश्चिम बंगाल में पीएम-एसजीएमबीवाई का कार्यान्वयन**

**642. श्री राजू बिष्ट**

**क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) की धीमी प्रगति या कार्यान्वयन में विलंब से अवगत है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ख) पश्चिम बंगाल में पीएम-एसजीएमबीवाई के आरंभ के बाद से इसके अंतर्गत प्राप्त और स्वीकृत आवेदनों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;

(ग) दार्जिलिंग, कालिम्पोंग और उत्तर दिनाजपुर जिलों में उक्त योजना के अंतर्गत लाभान्वित लाभार्थियों और परिवारों की कुल संख्या कितनी है;

(घ) पश्चिम बंगाल में योजना के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई कुल धनराशि का जिला-वार ब्यौरा क्या है;और

(ङ) योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु प्रदान की गई सब्सिडी और आवेदन प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री**

**(श्री श्रीपाद येसो नाईक)**

(क) से (ङ): पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) रूफटॉप सौर (आरटीएस) प्रणाली की स्थापना के लिए एक मांग आधारित योजना है, जिसमें देश के सभी आवासीय उपभोक्ता जिनके पास स्थानीय डिस्कॉम का ग्रिड कनेक्टेड बिजली कनेक्शन है, वे योजना के राष्ट्रीय पोर्टल पर आवेदन करके योजना का लाभ उठा सकते हैं। यह योजना अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार , देश भर में इस योजना के तहत कुल 18,99,494 आरटीएस सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिससे 23,79,580 घर लाभान्वित हुए हैं।

पश्चिम बंगाल राज्य में, दिनांक 30.11.2025 की स्थिति के अनुसार, कुल 11,565 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,162 घरों को कवर करते हुए 1,099 आरटीएस सिस्टम की स्थापना की सूचना दी है। संबंधित वितरण कंपनियों (DISCOMs) द्वारा किए गए निरीक्षणों और उपभोक्ताओं द्वारा राष्ट्रीय पोर्टल पर रिडेम्प्शन अनुरोध करने पर, 298 स्थापनाओं के लिए कुल 2.2 करोड़ रुपये की सब्सिडी जारी की गई है। पश्चिम बंगाल राज्य के लिए दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और उत्तरी दिनाजपुर जिलों को शामिल करते हुए जिलावार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

**अनुलग्नक**

**'पश्चिम बंगाल में पीएम-एसजीएमबीवाई का कार्यान्वयन' के संबंध में पूछे गए दिनांक 03.12.2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 642 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**पश्चिम बंगाल राज्य में योजना के तहत हुई प्रगति का जिला-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | जिला | आवेदन (संख्या) | आरटीएस स्थापना (संख्या) | शामिल किए गए घर (संख्या ) | जारी की गई सब्सिडी (संख्या) | जारी की गई सब्सिडी (करोड़ रुपये में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलीपुरद्वार | 80 | 4 | 4 | - | - |
| 2 | बांकुड़ा | 369 | 16 | 16 | - | - |
| 3 | बीरभूम | 393 | 49 | 49 | - | - |
| 4 | कूच बिहार | 183 | - | - | - | - |
| 5 | दक्षिण दिनाजपुर | 140 | 9 | 9 | - | - |
| 6 | दार्जिलिंग | 125 | 7 | 7 | - | - |
| 7 | हुगली | 959 | 106 | 106 | 10 | 0.07 |
| 8 | हावड़ा | 384 | 43 | 43 | 13 | 0.09 |
| 9 | जलपाईगुड़ी | 174 | 18 | 18 | - | - |
| 10 | झारग्राम | 85 | 6 | 6 | - | - |
| 11 | कलिम्पोंग | 21 | - | - | - | - |
| 12 | कोलकाता | 1,105 | 351 | 414 | 257 | 1.92 |
| 13 | मालदा | 335 | 4 | 4 | - | - |
| 14 | मुर्शिदाबाद | 478 | 26 | 26 | - | - |
| 15 | नादिया | 606 | 31 | 31 | - | - |
| 16 | उत्तर 24 परगना | 1,432 | 113 | 113 | 13 | 0.10 |
| 17 | पश्चिम बर्धमान | 474 | 36 | 36 | - | - |
| 18 | पश्चिम मेदिनीपुर | 827 | 55 | 55 | - | - |
| 19 | पूर्ब बर्धमान | 698 | 52 | 52 | - | - |
| 20 | पूर्व मेदिनीपुर | 1,320 | 42 | 42 | - | - |
| 21 | पुरुलिया | 180 | 7 | 7 | - | - |
| 22 | दक्षिण 24 परगना | 904 | 61 | 61 | 5 | 0.04 |
| 23 | उत्तर दिनाजपुर | 293 | 63 | 63 | - | - |
| | **कुल** | **11,565** | **1,099** | **1,162** | **298** | **2.22** |

****